**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध राजकीय / अनुदानित /
पी0पी0पी0 मोड / निजी क्षेत्र की डिप्लोमा इंजी0 संस्थाएं।

**पत्रांकः–प्राशिप / अनु04 / 2025 / 1843** **लखनऊःदिनांक– 03–06–2025**

**विषयः–वार्षिक परीक्षा, जून–2025 के अंतर्गत फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूची के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–जून, 2025 दिनांक 14–05–2025 से 17–06–2025 तक वर्तमान में संचालित है। उक्त परीक्षा के अंतर्गत फार्मेसी पाठ्यक्रम की परीक्षा दिनांक 09–06–2025 से 17–6–2025 के मध्य, प्रदेश के राजकीय / अनुदानित / पी0पी0पी0 मोड के अंतर्गत संचालित पालीटेक्निकों के साथ–साथ 16 जनपदों में 29 राजकीय इण्टर कॉलेज / राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज के परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित है।

वार्षिक परीक्षा के अंतर्गत डिप्लोमा फार्मेसी में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूची संलग्न है एवं सुविधा के दृष्टिगत परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध है। कृपया अवलोकन करते हुए अपने स्तर से संस्थान के छात्र / छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें। साथ ही संस्थान हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर समय से उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु छात्र / छात्राओं को निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

**पृ0सं0– प्राशिप / अनु04 / 2025 / 1844–48** **तद्दिनांक–03–06–2025**

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, मध्य क्षत्र / पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव